23.08.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 6.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ कोटा–बूंदी–बारां और सवाईमाधोपुर जिलों में बहुत भारी बारिश के कारण हालात विकट–सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रही हैं।

○ राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में विकसित राजस्थान 2047 विजन डॉक्टयूमेंट को मंजूरी।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत उन्नत तकनीक के साथ अंतरिक्ष के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

○ जीएसटी परिषद् की 56वीं बैठक 3 और 4 सितम्बर को नई दिल्ली में होगी।

000

कोटा, बूंदी, बारां और सवाई माधोपुर जिलों में अत्यधिक भारी बारिश के कारण हालात विकट बने हुए हैं। लगातार हो रही तेज बारिश से कई गांव टापू बन गये हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है और कच्चे मकान धाराशाही हो गये हैं। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर फंसे 200 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज सूरवाल, अजनोटी, और मैनपुरा सहित अतिवृष्टि से प्रभावित अन्य क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र के हवाई सर्वे का कार्यक्रम खराब मौसम के कारण रद्द करना पड़ा। हालांकि उन्होंने केशवरायपाटन का दौरा किया और ग्रामीणों से बातचीत कर मदद का आश्वासन दिया। कोटा संभाग में भारी बारिश का सिलसिला आज भी बना रहा। कोटा बैराज के दो गेट खोलकर 14 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई। अत्यधिक बरसात के कारण 100 से ज्यादा गांवों का सम्पर्क कोटा से टूट गया है। करौली के पांचना बांध के चार गेट खोलकर पानी निकाला जा रहा है। मण्डरायल में चम्बल नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। धौलपुर में भी जिला प्रशासन ने चम्बल नदी के किनारे बसे सभी गांवों में हाई अलर्ट घोषित किया है।
पिछले 24 घंटों में टोंक, करौली और जयपुर जिलों में भी कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश दर्ज की गई है। सवाईमाधोपुर जिला कलेक्टर कानाराम ने अतिवृष्टि की स्थिति के मद्देनजर लोगों से जल भराव और तेज बहाव वाले स्थानों के पास नहीं जाने की अपील की है।

000

राजधानी जयपुर सहित सिरोही, झुन्झुनू, बांसवाड़ा, डीग, श्रीगंगानगर, चूरू और कोटपूतली–बहरोड़, बारां में भी बारिश का दौर चला। मौसम विभाग ने आज चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कोटा, बारां और बूंदी में अगले दो दिनों तक तेज बरसात के आसार हैं।

000

प्रदेश में विकसित राजस्थान 2047 के विजन डॉक्यूमेंट को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही राजस्थान को ग्रीन एनर्जी हब बनाने के लिए भी रोडमैप तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक के बाद उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमैंट में पर्यटन, कृषि और शिक्षा सहित 13 क्षेत्रों को प्रमुखता दी गई है।

000

बैठक में अक्षय ऊर्जा संबंधी 10 प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही जयपुर में विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेन्टर बनाने और डेढ सौ करोड की लागत से विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना सहित अन्य कई प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार महिला शक्ति के उत्थान के लिए तत्पर है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर ई साइकिल वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से संवाद भी किया। समारोह में बालिकाओं ने कहा कि ई साइकिल मिलने से उन्हें आने–जाने में सुविधा होगी, समय और पैसे की बचत के साथ वे फिट इण्डिया मुहीम का भी हिस्सा बन सकेंगी।

000

केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का कल राजस्थान आने का कार्यक्रम है। श्री पुरी बालोतरा के पचपदरा में रिफाइनरी का निरीक्षण कर वहां हुए कामों की प्रगति की समीक्षा करेगें। मुख्यमंत्री श्री शर्मा भी बालोतरा दौरे पर उनके साथ रहेगें।

000

राष्ट्रीय शिक्षानीति के प्रभावी कियान्वयन और भारतीय ज्ञान परम्परा को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से राजसमंद में चिंतन बैठक रखी गई। कुम्भलगढ में आयोजित दो दिन की इस बैठक का शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की मौजूदगी में आज समापन हुआ।

इस मौके पर श्री दिलावर ने कहा कि शिक्षा, ज्ञान के साथ जीवन निर्माण और रोजगार में सहायक बने। बैठक में देशभर से आये शिक्षाविदों और विषय–विशेषज्ञों ने गुणवत्ता सुधार पर सुझाव दिये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत उन्नत तकनीक के साथ अंतरिक्ष के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और जल्द ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने देश की अंतरिक्ष यात्रा को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

000

अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज नई दिल्ली में दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी दुनिया ने भारत की अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी क्षमताओं को देखा।

अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अंततः चंद्रमा पर उतरने के साथ भारत की कुछ बहुत बड़ी महत्वाकांक्षाएँ हैं। इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम दुनिया के किसी भी अन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम के बराबर हो जाएगा।

देश भर में आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर प्रदेश में कई कार्यकम रखे गये। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अलवर में आयोजित कार्यकम में शिरकत की। पाली के श्री बांगड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को मिशन चन्द्रयान सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई।

000

वस्तु और सेवा कर–जी.एस.टी. परिषद की 56वीं बैठक तीन और चार सितंबर को नई दिल्ली में होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन बैठक की अध्यक्षता करेंगी। परिषद की पिछली बैठक दिसम्बर 2024 में जैसलमेर में हुई थी। इस दौरान वस्तु और सेवा कर से जुड़े कई निर्णय लिए गए थे, जिनमें पोषण युक्त चावल की दर पर पांच प्रतिशत

कटौती करने और पहले से पैक्ड तथा लेबल वाली वस्तुओं की परिभाषा बदलने की सिफारिश भी शामिल है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बांसवाड़ा क्षेत्रीय वन अधिकारी को 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ए.सी.बी. से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शांति लाल चावला ने ये राशि परिवादी से नर्सरी सुधारीकरण और अन्य मरम्मत कार्यों के बिल पास कराने की ऐवज में ली थी। ए.सी.बी. ने ये कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा की अगुवाई में की।

000

बाड़मेर जिले के सेडवा स्थित विष्णुधाम सोनणी में आज गुरू जम्भेश्वर मेला भरा। इसमें बिश्नोई सम्प्रदाय की ओर से पर्यावरण शुद्धि के लिए यज्ञ कर खुशहाली की कामना की गई। इस दौरान खुला अधिवेशन भी हुआ।

000

प्रदेश के किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए नई एफपीओ नीति लाई जा रही है। इस नीति के तहत राज्य में पांच सौ नये एफपीओ बनाये जायेगें।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात इस बार 31 अगस्त को होगा। यह इस कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे।

000